पाठ 2

# परिवारों का आना–जाना

अनेक परिवार एक स्थान से दूसरे स्थान पर चले जाते हैं। ऐसा ही एक परिवार संतु का भी है। संतु का परिवार गाँव में रहता था। खेती का काम करता था। लगातार दो वर्षो तक अकाल पड़ने के कारण संतु के परिवार के सामने खाने का संकट आ गया। इसलिए संतु अपने परिवार और पशुओं को साथ लेकर अपने भतीजे के गाँव में चला गया। उसने वहाँ छोटा सा मकान किराए पर लिया। फिर वह काम की खोज में लग गया। कुछ समय बाद काम मिल गया और वह परिवार के साथ वहीं रहने लगा। वहाँ रहना आसान नहीं था। उसे अपने गाँव की याद सताने लगी। उसे समाचार मिला कि इस बार उसके गाँव में अच्छी वर्षा हुई है। फिर क्या था, वह अपने परिवार और पशुओं को लेकर वापस अपने गाँव आ गया।



## सोचिए और लिखिए



- संतु को दूसरे गाँव में किन–किन समस्याओं का सामना करना पड़ा होगा?
- आपके आस–पास से कोई परिवार दूसरी जगह गया हो या दूसरी जगह से आया हो तो उसके बारे में निम्नांकित जानकारियाँ एकत्रित कीजिए ।
  (1) परिवार कहाँ से आया / कहाँ गया?
  (2) किस कारण से आया / गया?
  (3) उस परिवार में कितने सदस्य हैं?
  (4) उनकी किस–किस ने मदद की?

धीरज का एक पुत्र व एक पुत्री थी। वह गाँव में दैनिक मजदूरी करता था। उसका पुत्र बारहवीं व पुत्री दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। जब उसके पुत्र ने बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की तो उसे उच्च शिक्षा दिलाने के लिए शहर के कॉलेज में भेजना था।



उसने सोचा कि बेटा अलग रह कर पढ़ेगा तो परिवार का खर्चा भी बढ़ जाएगा। दो साल बाद उसकी पुत्री को भी उच्च शिक्षा हेतु शहर भेजना होगा। अतः उसने निर्णय लिया कि वह यहाँ भी दैनिक मजदूरी ही करता है वहाँ भी जाकर मजदूरी करेगा और पूरे परिवार को वहाँ लेकर जाएगा। जब वह शहर आया तो उसे मकान किराये पर लेने में कठिनाई आयी। मकान किराया अधिक होने के कारण, उसे शहर से दूर एक कमरा किराये पर लेना पड़ा। जिसमें उसके परिवार को रहना, सोना और खाना बनाना पड़ता था। उसका पास–पड़ोस भी नया था। उसे दैनिक मजदूरी के लिए भी अधिक प्रयास करने पड़ते थे। शहर में अधिक खर्च के कारण वह दिन में मजदूरी और रात में चौकीदारी का कार्य भी करता था। बच्चों की पढ़ाई पूरी होने पर उन्होंने गाँव वापस जाने की ठान ली।



आपने अपने आस–पास देखा होगा कि कुछ बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए अपने घर को छोड़ना पड़ता है। वे लोग हॉस्टल या कमरा किराए पर लेकर दूसरे स्थान पर अपना अध्ययन कार्य करते हैं।

## चर्चा कीजिए और बताइए



- आपके या आस–पास के परिवारों से कौन–कौन पढ़ने के लिए बाहर गया है या बाहर से आपके यहाँ आया है?
- यदि आपको बाहर पढ़ने जाना पड़े तो आप क्या–क्या सामान लेकर जाएँगे ?
- आपके विद्यालय में कोई साथी हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं तो उनके बारे में भी जानकारियाँ प्राप्त कीजिए। जैसे– उन्हें क्या–क्या काम स्वयं करने होते हैं ?
- लोग किन–किन कारणों से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं ?
- उनके बच्चों की पढ़ाई कैसे होती होगी ?
- जब लोगों को नयी जगह पर बसना हो तो क्या–क्या व्यवस्थाएँ जुटानी पड़ती हैं ?



गोविंदराम का परिवार जानियाना गाँव में रहता था। गाँव में उसकी छोटी किराणा की दुकान थी। दुकान के व्यापार से इतनी ही कमाई होती थी कि वे परिवार का खर्च चला सके। उनके पुत्र बड़े होने लगे। एक दिन उसका ममेरा भाई गाँव आया और उनके दोनों पुत्रों को शहर में अपनी दुकान के कार्य हेतु ले गया। समयानुसार गोविंदराम के पुत्र चंद्राराम ने अपना व्यवसाय शुरू करना चाहा। तब उन्हें पैसे की कमी, व्यवसाय के लिए जगह का नहीं होना जैसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। उनके रिश्तेदारों ने उनकी मदद की। जिससे उनका व्यवसाय ठीक से चलने लगा। उन्होंने पूरे परिवार को यहाँ बुला लिया। उन्होंने अपने छोटे–भाई बहिनों को पढ़ाया। अब वे अपना व्यवसाय कर रहे हैं लेकिन आज भी उन्हें पैतृक गाँव की याद आती है। वे विशेष अवसरों पर गाँव जाते हैं।



## पता कीजिए



- आपके आस–पास कौन–कौन 10 वर्ष या अधिक वर्षों से वही रह रहे हैं?
- उनके घर और बार– बार जगह बदलने वाले परिवारों के घरों में क्या अंतर है ?
- वर्षा के मौसम में आपके आस–पास के किन–किन परिवारों के लोग खेती के लिए घर छोड़कर खेत पर जाकर रहते हैं ?
- उस समय उनके बच्चे स्कूल कैसे आते हैं ?
- उनका जरूरी सामान कौन लाता है ?

डूंगरपुर जिले का एक कस्बा गलियाकोट जहाँ पीर फखरूद्दीन की विश्व प्रसिद्ध दरगाह, शीतला माता का मंदिर, स्थापत्य कला के बेजोड़ नमूने वाले जैन मंदिर व सोमनाथ मंदिर हैं। गुजरात राज्य में कडाणा बाँध बनने से यह डूब क्षेत्र में आ गया। बरसात के दिनों में कस्बे में पानी भरने लगा। अतः सरकार ने यहाँ के लोगों को नयी जगह मकान बनाकर दिए। स्कूल, अस्पताल आदि सुविधाएँ दी। इसे आज पुनर्वास कॉलोनी के नाम से जाना जाता है लेकिन कई लोग आज भी अपने खेत–खलिहान न छोड़ने के कारण वहीं बसे हैं।



### सोचिए और लिखिए

- बाँध बनने के कारण लोगों को घर क्यों छोड़ना पड़ा होगा?
- बाँध क्यों बनाए जाते हैं?
- यदि आपको एक नयी जगह बसाने की जिम्मेदारी दी जाए तो आप लोगों को वहाँ क्या–क्या सुविधाएँ देने की कोशिश करोगे?









चित्र 2.1 बाँध के जल भराव क्षेत्र में आया हुआ गाँव एवं पलायन करते हुए लोग



पहले लोगों की आवश्यकता रोटी, कपड़ा और मकान थी लेकिन अब लोगों की आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, रोजगार, और सुख–सुविधा हो गयी है। इस कारण लोग पैतृक जगह छोड़ अन्य जगह पर रहने लगे हैं।

## पता कीजिए



- क्या अपने गाँव/शहर में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो तंबू या तिरपाल का घर या गाड़ियों को ही अपना घर बनाकर रहते हैं ?
- ऐसे कितने लोग हैं?
- ये क्या–क्या काम करते हैं?
- इनके बच्चे कहाँ पढ़ते हैं?
- इन लोगों के विस्थापन के क्या–क्या कारण हैं ?

## हमने सीखा



- अलग–अलग कारणों से कुछ परिवार एक स्थान से दूसरे स्थान पर आते–जाते रहते हैं।
- नयी जगह पर बसने के लिए हमें नयी व्यवस्थाएँ जुटानी होती हैं।

## जाना–समझा, अब बताइए



- लोगों के घरों को छोड़ने के क्या–क्या कारण पाठ में बताए गए हैं ?
- पाठ में बताए गए कारणों के अलावा और किन–किन कारणों से लोग अन्य स्थानों पर बसने के लिए चले जाते होंगे?
- दूसरी जगह बसने में लोगों को कौन–कौनसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है?



**मनुष्य की आवश्यकताएँ बढ़ गई है अपार।**
**पूर्ति हेतु मनुष्य पलायन करता बार–बार।।**